Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:30 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:02 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

ईद मुबारक

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 248 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 31 मार्च 2025

सिकंदर से पहले सलमान की इन...पेज-3 पर

## चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन करें मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

*तपश्चारिणी त्वंहि तापत्रय निवारणी।*
*ब्रह्मरूपधरा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम॥*
*शंकरप्रिया त्वंहि भुक्ति-मुक्ति दायिनी।*
*शान्तिदा ज्ञानदा ब्रह्मचारिणीप्रणमाम्यहम॥*

नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाएगी। ब्रह्मचारिणी माता सौभाग्य और संयम प्रदान करने वाली हैं। नवरात्रि में मां देवी को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है। बता दें, मां देवी ब्रह्मचारिणी साक्षात ब्रह्म का स्वरूप है अर्थात तपस्या का मूर्तिमान रूप है। ब्रह्म का मतलब तपस्या होता है, वहीं चारिणी का मतलब आचरण करने वाली। इस तरह ब्रह्मचारिणी का अर्थ है- तप का आचरण करने वाली देवी। मां ब्रह्मचारिणी का रूप मन मोह लेने वाला है। उनके दाहिने हाथ में मंत्र जपने की माला और बाएं में कमंडल होता है। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से सभी रुके हुए कार्य पूरे हो जाते हैं। इसके अलावा जीवन से हर तरह की परेशानियां भी खत्म होती हैं। मां देवी की पूजा करने के लिए कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी किया जाता है। आइए मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने की विधि व मंत्र को विस्तारपूर्वक जान लेते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, देवी ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव शंकर को अपने पति के रूप में पाने के लिए बेहद ही कठिन तपस्या की थी। अपने तप के दौरान उन्होंने केवल बेल पत्र का सेवन किया था। बाद में इसे भी खाना त्याग कर निर्जल और निराहार रहकर तप करती रहीं। कई हजार वर्षों की घनघोर तपस्या के बाद भगवती ने अपने तप से भगवान शिव को प्रसन्न किया था। कठोर साधना और ब्रह्म में लीन रहने के कारण भी इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी की इस कठिन तपस्या को देखकर हर तरफ हाहाकार मच गया। इसके बाद ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी करते हुए देवी से कहा कि आजतक ऐसी तपस्या किसी ने नहीं की।

मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान कर लें।

पूजा की सारी सामग्री तैयार कर लें और आसन बिछाएं।

मां ब्रह्मचारिणी को फूल, अक्षत, रोली, चंदन आदि चढ़ाएं।

इसके बाद भोगस्वरूप पंचामृत चढ़ाएं और मिठाई का भोग लगाएं।

साथ ही माता को पान, सुपारी, लौंग अर्पित करें। बाद में आरती गाकर पूजा करें।



## तीसरे दिन होती है मां चंद्रघंटा की पूजा विधि-विधान

*आह्लादकरिनी चन्द्रभूषणा हस्ते पद्मधारिणी।*
*घण्टा शूल हलानी देवी दुष्ट भाव विनाशिनी।।*
*या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमो नमः।।*

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जिस व्यक्ति की कुंडली में मंगल दोष होतात है उसे नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का विधि-विधान से पूजन अवश्य करना चाहिए।

चैत्र नवरात्रि का तीसरा दिन मां दुर्गा के साहसी और पराक्रमी स्वरूप मां चंद्रघंटा को समर्पित है. मां चंद्रघंटा का पूजन करने से व्यक्ति को स्वयं पराक्रमी और साहसी बनने का आशीर्वाद प्राप्त होता है। धर्म शास्त्रों में मां चंद्रघंटा के स्वरूप का जो वर्णन किया गया है उसके ?अनुसार मां के माथे पर घंटे के आकार पर अर्धचंद्र बना हुआ है. माता के हाथ में त्रिशूल, तलवार और गदा विराजमान है, जिसके जरिए मां चंद्रघंटा अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर करती हैं। अगर आप भी माता रानी का आशीर्वाद पाना चाहते हैं तो नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का विधि-विधान से पूजन करें और कुछ मंत्रों का जाप करें। यहां पढ़ें मां चंद्रघंटा की उत्पत्ति से जुड़ी कहानी। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवताओं और असुरों के बीच लंबे समय तक घमासान युद्ध हुआ. इस युद्ध के दौरान असुरों का राजा महिषासुर था और देवताओं का नेतृत्व इंद्रदेव कर रहे थे. लेकिन युद्ध में असुरों के राजा महिषासुर ने इंद्रदेव का सिंहासन छीन लिया और उस पर स्वयं विराजमान हो गया. महिषासुर ने इंद्र, सूर्य, चंद्र और वायु समेत सभी देवताओं से देवलोक से जुड़े उनके सभी अधिकार भी छीन लिए।

जिसके बाद सभी देवता परेशान होकर धरती लोक पर आ गए।

देवताओं ने अपने दुख ब्रह्मा, विष्णु और महेश के सामने व्यक्त किया, जिसके बाद तीनों देवता बेहद ही क्रोधित हुए। तीनों देवों के क्रोध के कारण उनके मुख से ऊर्जा उत्पन्न हुई और देवताओं के शरीर की ऊर्जा से मिल गई।



समस्त प्रदेशवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

UNIVERSAL CONVENT
Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi

R.T.O Road, Jaidevpur, Haldwani,
District- Nainital (Uttarakhand) 263139
universal.convent@rediffmail.com
www.universalconventhaldwani.com



ADMISSION OPEN (2025-26)
Play Group, N/S to IX & XI
STREAMS: SCIENCE / COMMERCE / HUMANITIES

Salient Features

- Vibrant and fun classrooms for kindergarten.
- Smart Classes for better learning.
- Advance Computer Lab.
- Modern Advance Mathematics Lab
- Wi-Fi Campus.
- Healthy Swimming with fantastic indoor Swimming pool.
- NCC-Junior & Senior for Boys & Girls both.
- Well equipped gymnasium for teachers and students.
- Spacious Auditorium.
- State of the art lab for Physics , Chemistry, Biology.
- Large Dance Studio.
- Well stocked spacious library.
- Badminton, Basketball & Volleyball Court.
- Indoor Shooting range with professionals

For More Information Contact: 05946-297166, 9837745194

# वर्ष संवत्सर 2082 के शुभारंभ पर कार्यक्रम

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

श्री राम सेवक सभा द्वारा नव संवत्सर के अवसर पर रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा भवन में आयोजित नव वर्ष संवत्सर 2082 का शुभारंभ मनोज साह ,आशीष बजाज तथा डॉ किरण लाल साह ने दीप प्रज्वलन कर किया, इस मौके पर पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने मंत्रोच्चार के साथ राशिफल एवं वर्षफल सुनाया ।

कार्यक्रम में श्री राम सेवक सभा के बाल कलाकारों ने देवी भगवती मैया तथा महिषासुर मर्दनी सहित कुमाऊंनी नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल व पूर्व सभासद ईशा साह तथा समाजसेवी आशीष बजाज व डॉ किरण लाल साह ने फ ागोत्सव 2025 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जबकि प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार 7500 तथा ट्रॉफ ी मनोज कुमार मन्नू जबकि द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपया विमल जोशी तथा तृतीय पुरस्कार रुपया 3500 समय राज साह को प्रदान किया गया । चार सांत्वना पुरुस्कार रुपया 1000 क्रमशः डॉ मोहित सनवाल, प्रखर साह ,प्रमोद प्रसाद तथा संभू को प्रदान किए गए। फ ोटोग्राफ ी प्रतियोगिता के संयोजक हिमांशु जोशी तथा राजीव दुबे ने फ ागोत्सव फ ोटो की प्रदर्शनी लगाई जिसे सभी ने सराहा । कार्यक्रम में गिरीश जोशी, अशोक साह, जगदीश चंद्र बवाड़ी, विमल चौधरी, बिमल साह, राजेंद्र बिष्ट, राजेंद्र लाल साह, मुकेश जोशी, दिनेश भट्ट, हरीश राणा, घनश्याम साह, हीरा रावत, कमलेश ढौंडियाल, रेखा त्रिवेदी, अतुल साह, देवेंद्र लाल साह, भुवन बिष्ट, गोविंद तथा डॉ. मनोज सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।



# पारंपरिक सांस्कृतिक उत्सव तथा कार्यशाला का भव्य आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड पारंपरिक सांस्कृतिक उत्सव तथा कार्यशाला का भव्य आयोजन अलायन्स ऑर्गनाइजेशन देहरादून उत्तराखंड के तत्वावधान में एवं सेंट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रविवार को नैनीताल की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा के प्रांगण में आयोजित किया गया।

इससे पूर्व इस भव्य आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभा के अध्यक्ष मनोज साह एवं अन्य प्रबुद्धजनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर अलायंस ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष श्रीमती माया राणा ने मुख्य अतिथि साह को बैच तथा अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की पारंपरिक पौराणिक लोक संस्कृति का संरक्षणए संवर्धन और प्रचार-प्रसार करना तथा संस्कृतियों का मंचीय प्रदर्शन करना है। मुख्य अतिथि साह ने अपने संबोधन में कहा कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर यह आयोजन सभी के लिए मंगलमय है। उन्होंने उत्तराखंड की पारंपरिक माँ नंदा-सुनंदा की स्तुति और नंदा राजजात यात्रा की भव्य प्रस्तुति को विशेष सराहना दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम ने उत्तराखंड की लोक संस्कृति को और अधिक समृद्ध किया है और कलाकारों को इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। 15 दिवसीय कार्यशाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इस उत्सव से पूर्व 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें कलाकारों को उत्तराखंड की पारंपरिक लोककलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने माँ नंदा देवी वंदना, नंदा राजजात यात्रा का भव्य प्रदर्शन,उत्तराखंड के प्रसिद्ध झोड़ा,छपेली,चांचरी एवं लोक नृत्य व कुमाऊँनी एवं गढ़वाली लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों के साथ ही युगल नृत्य एवं सामूहिक लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकगीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का निर्देशन श्रीमती माया राणा एवं सहायक निर्देशन पुष्पा बिष्ट द्वारा किया गया जबकि कार्यक्रम का संचालन उमेश कांडपाल ने किया। अंत में माया राणा ने सभी का आभार जताया।



# पालिका टीम ने अवैध दुकानों का सामान जब्त कर हटाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगरपालिका की टीम ने रविवार को पालिकाध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी के दिशा निर्देश के क्रम में बारापत्थर और केव गार्डन के समीप अवैध रूप से लगाई गई दुकानों का सामान जब्त कर वहां से उन्हें हटाया।

अतिक्रमण टीम प्रभारी कमल कटियार ने बताया कि क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने अवैध रूप से दुकान लगाई थी जिसका सामान पालिका की टीम ने जब्त किया।

इस दौरान टीम ने 10 टोकरी फल तथा एक छोटा सिलेंडर तथा एक छोटी काफी मशीन, दो छोटे चूल्हे व 2 कट्टे भुट्टे सहित तीन डेक, पॉच बैग आर्टिफिशियल ज्वैलरी, 2 पेटी माजा तथा एक पेटी मैगी और बिस्किट तथा एक बड़ा सिलेंडर व आधा पेटी गुटका व दो टिन के बक्से बिस्किट सहित जब्त किए गए। इस दौरान दिवाकर चौधरी, रवि बहुगुणा, विकास टांक, महेश गौड़, शनि सिलेलान तथा विक्की आदि मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### सरस्वती शिशु मंदिर मोना में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम



**नैनीताल।** सरस्वती शिशु मंदिर मोना में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हेम आर्य व विशिष्ट अतिथि शोभा कपिल रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य रमेश चंद्र कांडपाल,राजेंद्र सिंह मेहरा, गंगा सिंह मेहरा, गोविंद सिंह नयाल, त्रिभुवन बिष्ट, राकेश, राजेंद्र सिंह बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ

**नैनीताल ।** जिले के बेतालघाट में रविवार को दुर्गापुरी मंदिर में देवी भागवत कथा की कलश यात्रा निकालने के साथ ही श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। बता दें कि कलश यात्रा में कई गांवों की महिला भक्तजनों ने भाग लिया। कलश यात्रा दुर्गापुरी मंदिर से कौशल्या नदी में पूजा अर्चना करके बेतालघाट बाजार से होते हुए बेतालेश्वर महादेव मंदिर, नकुआ बुबू मंदिर के बाद वापसी दुर्गापुरी मंदिर तक आई, सभी महिलाओं ने अपनी संस्कृति द्वार पिछोड़ा पहनकर सिर में कलश रखकर माता रानी के जयकारे भजन गाते हुए भव्य कलश यात्रा निकली। संत पूज्य रविशंकर महाराज जी की अध्यक्षता में 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्री गणेश पूजा अर्चना के साथ शुरू शुरु हुआ। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में यजमान बालम सिंह बोहरा, प्रताप सिंह बोहरा, ख्याली दत्त रिखाड़ी, पान सिंह जलाल को आचार्य प्रेम जोशी तथा कैलाश कांडपाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा शुरू करवाई। कलश यात्रा में केवल सिंह भंडारी, गणेश सिंह जलाल, तारा सिंह भंडारी, तरुण शर्मा, अतुल भंडारी, चतुर सिंह भंडारी, राजेंद्र सिंह भंडारी, संतोष सिंह जलाल, महेंद्र जैड़ा, हरीश जोशी, पुष्कर जलाल, विपिन चंद्र रिखाड़ी, प्रकाश आर्या, मोहित खंडूरी आदि भक्तजनों ने भक्तिभाव से भाग लिया।

### सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया

नैनीताल । स्वयं सेवी संस्था सर्वोदय सेवा समिति नैनीताल द्वारा नगर के प्रतिष्ठित शहीद सैनिक विद्यालय में सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक गोष्ठी में अनुभवी कलाकारों व व्यक्तियों द्वारा संस्कृति से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी। कहा कि आज की भागदौड भरी जीवन शैली में लोग किस तरह लोग अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। कार्यक्रम में अनुभवी व्यक्तियों द्वारा अपनी पारंपरिक संस्कृति को संजोये रखने के अनेक उपायों के बारे में बताया गया।

### अभिनेत्री नीलम कोठारी ने देवभूमि का नाम रोशन किया

**नैनीताल ।** देश की राजधानी दिल्ली में बीआईजेडजेडओपी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अवॉर्ड समारोह में उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर की नन्ही योगिनी हर्षिका रिखाड़ी ने एक बार फिर राजधानी दिल्ली में योग के क्षेत्र में फि ल्म अभिनेता तुषार कपूर और फिल्म अभिनेत्री नीलम कोठारी से राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ दो अवॉर्ड हासिल कर नया कृतिमान बनाते हुए देवभूमि उत्तराखंड का नाम रोशन किया। बता दें हर्षिका को बेस्ट जूनियर स्टार आफ द अवार्ड से नवाजा गया। हर्षिका ने वहां मुख्य अतिथि के रूप में आए फिल्म अभिनेता तुषार कपूर और फिल्म अभिनेत्री नीलम कोठारी के सामने एक आर्टिस्टिक योग प्रस्तुति दी जिसे देख वहां सभी लोगों ने हर्षिका की योग प्रस्तुति को खूब सराहा। बता दें इससे पूर्व हर्षिका योग के क्षेत्र में राष्टीय स्तर पर कई पदक हासिल कर चुकी है। अगर हर्षिका रिखाड़ी की मेडल की बात की जाए तो नन्ही हर्षिका ने अभी तक योग के क्षेत्र में लगभग 30 से ज्यादा मेडल और ट्रॉफी जीत चुकी हैं जिसमें 15 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं । मात्र 8 साल की उम्र में हर्षिका 6 बार नेशनल लेबल पर परफ ॉर्म कर चुकी है और उसमें भी कई गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# निवेश जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से निवेश जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई जिसके पश्चात प्रबंधन छात्रों द्वारा कुलगीत प्रस्तुत किया गया। प्रबंधन अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित जोशी ने सभी अतिथियों, गणमान्य व्यक्तियों व मीडिया प्रतिनिधियों और सहभागियों का स्वागत किया। मुख्य वक्तव्य अमित प्रधान क्षेत्रीय निदेशक सेबी उत्तर भारत ने अपने प्रभावशाली संबोधन में निवेश की आवश्यकता, जोखिम प्रबंधन व पूंजी बाजार की भूमिका और सुरक्षित निवेश की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को शेयर बाजारए म्यूचुअल फं ड व बॉन्ड्स तथा डिजिटल एसेट्स और अन्य वित्तीय साधनों में निवेश करने से पहले उचित मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। इसके बाद अविष्कार नाइक सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एनएसई ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की भूमिका व निवेश के विभिन्न माध्यमों और वित्तीय बाजारों की कार्यप्रणाली पर चर्चा की। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने संगोष्ठी की सराहना करते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह संगोष्ठी छात्रों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और निवेश के प्रति जागरूक करने में सहायक होगी। संगोष्ठी में सुश्री श्रुति शर्मा ने भी संगोष्ठी के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता न केवल व्यक्तिगत समृद्धि के लिए आवश्यक हैए बल्कि यह राष्टीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाती है। संगोष्ठी का मंच संचालन छात्रा महक जोशी ने किया जबकि फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन प्रो. अमित जोशी और प्रो. एल.के. सिंह ने किया।

# स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

महिला महाविद्यालय हल्द्वानी की नमामि गंगे इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत गंगा स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा, गंगा हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस तरह की प्रतियोगिताएं जागरूकता बढ़ाने में सहायक होती हैं, और हमें अपने कर्तव्यों का एहसास कराती हैं।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ0 रितुराज पंत ने स्वच्छता पखवाड़े की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा,



स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है। जब तक हम गंगा और अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ नहीं रखेंगे, तब तक हमारा पर्यावरण संतुलित नहीं रहेगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में इस विषय पर जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी प्रथम स्थान ङ्क बीए चतुर्थ सेमेस्टर की बबीता चिलवाल,द्वितीय स्थान ङ्क बीए द्वितीय सेमेस्टर की गीतांजलि महर,तृतीय स्थान ङ्क बीए द्वितीय सेमेस्टर की अस्मिता पुनेठा रहें। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ0 मंजरी चौधरी, डॉ0 रुचि रजवार और डॉ0 गीता पंत शामिल रहीं, जिन्होंने छात्राओं के विचारों का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षाविद भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव डॉ0 फकीर सिंह, डॉ0 प्रभा साह, डॉ0 हिमानी, डॉ0 रेखा जोशी आदि शामिल थे। सभी ने प्रतियोगिता की सराहना की और छात्राओं को भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया।

# ईद: देश में अमन चैन की दुआ मांगी





## अभिमत

### पड़ोसी के घर में आग

*अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ बलूचिस्तान की आजादी के समर्थक नहीं हैं। पाकिस्तान में अशांति भारत के हित में नहीं है। पड़ोसी के घर में आग की तपिश झेलनी पड़ सकती है। वर्ष 1971 में पाकिस्तान के पूर्वी क्षेत्र में आजादी के लिए आंदोलन हुआ। पाकिस्तान की सेना ने आंदोलनकारियों को गोलियों से भूनकर जनाक्रोश पर नियंत्रण का प्रयास किया। भारत ने हस्तक्षेप करके बांग्लादेश नाम से अलग राष्ट्र बनवा दिया। बांग्लादेश में लोकतंत्र कायम नहीं रह सका और पांच दशक बाद बांग्लादेश के लोग ही भारत के खिलाफ हैं।*

पाकिस्तान के बलूचिस्तान क्षेत्र में हिंसा चरम पर पहुंचती जा रही है। बलूचिस्तानी लोगों के आक्रोश को नियंत्रित करने में पाकिस्तान विफल रहा है। आक्रोशित लोगों को आतंकवादी बताकर गोली का निशाना बनाना और अधिक खतरनाक साबित होगा। इस मामले में भारत के बुद्धिजीवियों की अलग-अलग प्रतिक्रिया है। एक वर्ग का कहना है कि बलूचिस्तान को आजाद मुल्क बनाया जाना चाहिए, वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ बलूचिस्तान की आजादी के समर्थक नहीं हैं। पाकिस्तान में अशांति भारत के हित में नहीं है। पड़ोसी के घर में आग की तपिश झेलनी पड़ सकती है। वर्ष 1971 में पाकिस्तान के पूर्वी क्षेत्र में आजादी के लिए आंदोलन हुआ। पाकिस्तान की सेना ने आंदोलनकारियों को गोलियों से भूनकर जनाक्रोश पर नियंत्रण का प्रयास किया। भारत ने हस्तक्षेप करके बांग्लादेश नाम से अलग राष्ट्र बनवा दिया। बांग्लादेश में लोकतंत्र कायम नहीं रह सका और पांच दशक बाद बांग्लादेश के लोग ही भारत के खिलाफ हैं। बलूच क्षेत्र तीन देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में फैला है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर है। छोटा और अस्थिर देश ज्यादा दिन तक अपने को संभाल नहीं सकेगा और किसी भी महाशक्ति की गोद में बैठने को मजबूर हो जायेगा। यदि चीन ने बलूच को कब्जे में ले लिया तो भारत के खिलाफ मोर्चा खोलने में आसानी हो जायेगी। इस मामले में सबसे अधिक समझदारी पाकिस्तान के शासकों को दिखानी चाहिए। पूरी दुनिया जानती है कि आतंकवाद का जन्मदाता पाकिस्तान है। भारत में आतंकवादी हमले पाकिस्तान कराता रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रिया है कि दूसरे के लिए गड्ढा खोदने वाला खुद गड्ढे में गिरता है। यह बात पूरी तरह सही नहीं है। बलूचिस्तानियों को आतंकवादी बताना गलत है। बलूचिस्तानियों को भी किसी विदेशी शक्ति के इशारे पर हिंसा का रास्ता अपनाना हितकर नहीं होगा। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर, बलूचिस्तान और कुछ अन्य क्षेत्रों के लोग भारत से अपील करते रहे हैं कि पाकिस्तान सरकार के जुल्म से मुक्त कराया जाये। भारत में शामिल होने की मांग भी करते रहे हैं। भारत ने जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया है। भारत की नीति किसी पर हमला करने और निजी मामले में दखलंदाजी नहीं है। जबकि चीन विस्तारवादी है। बलूचिस्तान में अशांति का फायदा उठाते हुए अपना सैनिक अड्डा स्थापित कर देगा और पाकिस्तान के लिए सिरदर्द साबित होगा।

**हल्द्वानी/नैनीताल**


**हमारे संवाददाता**

शहर में ईदुल फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मस्जिदों तथा ईदगाह में सुबह ईद की नमाज के बाद लोगों ने आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज़ में उलेमाओं ने देश और दुनिया में अमन चैन की दुआ कराई। नमाज़ के बाद लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया।

इस दौरान शहर की मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ दिखी। मुस्लिमों ने जमकर मिठाई खरीदी और जान पहचान वालों का मुंह मीठा कराया। घरों तक मिठाई पहुंचाई। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी। मीरा मार्ग स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9 बजे शहर इमाम मौलाना मोहम्मद आजम कादरी, वहीं ईदगाह में साढ़े 8 बजे मौलाना अब्दुल वासित, नई बस्ती स्थित मस्जिद आस्ताना जहांगीरी में आठ बजे मौलाना मुफ्ती जाबिर खान, मस्जिद चिराग अली शाह बाबा में 8 बजे मौलाना हयातुल्लाह ने नमाज अदा कराई।

वहीं जलाल शाह बाबा में सवा आठ बजे, मस्जिद कसावान में सवा आठ बजे, इंदिरानगर बड़ी मस्जिद में साढ़े आठ बजे, ताज मस्जिद में 8 बजे, मस्जिद अक्कानी में पौने आठ बजे, मस्जिद गफ्फारी में 9.45 पर, मस्जिद बिलाली में साढ़े आठ बजे अदा की गई। वहीं काठगोदाम स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम देखने को मिले। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सिटी मजिस्ट्रेट सीओ नितिन लोहनी सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा भी वनभूलपुरा पहुंचे और उन्होंने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं कई लोग कब्रिस्तान पहुचे और अपने अजीजों की कब्रों पर मगफिरत की दुआएं मांगी।

### एक-दूसरे से गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी



नैनीताल। देश भर ले साथ साथ नैनीताल में ईद उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सोमवार सुबह मस्जिदों, ईदगाहों और खुले मैदानों में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शहरभर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। ईद की नमाज के लिए मुख्य आयोजन तल्लीताल और मल्लीताल की मस्जिदों में हुआ, जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र होने लगे। शहर की जामा मस्जिद में मुफ्ती अजमल कासमी ने नमाज अदा कराई और समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाइयाँ दीं और दुआएं मां गी।

### डेढ़ वर्ष से फरार स्मैक तस्कर बरेली से गिरफ्तार

रुद्रपुर। नशे के सौदागरों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत ट्रांजिट कैंप पुलिस ने स्मैक तस्कर को बरेली से गिरफ्तार किया है। वह वर्ष 2023 से फरार था। पुलिस ने कोर्ट वारंट लेकर गिरफ्तार किया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। जनपद में एसएसपी के निर्देशन में मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कार्रवाई के दौरान 21 दिसंबर 23 को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार र जेल भेजा था। इसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई। पुलिस की जांच में बरेली के थाना बिथरी चैनपुर निवासी मोहम्मद हसन पुत्र शमसूल हसन का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस उसकी तभी से गिरफ्तारी की कोशिश में लगी। लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। उसकी गिरफ्तारी को प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पांडेय के नेतृत्व में थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अभियुक्त मोहम्मद हसन को मुकदमा अपराध संख्या 382/23 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत उसके घर से गिरफ्तार किया है।

### आध्यात्म की तरंगे दिखती नहीं, जो चतुर है वहीं समझ पाएगा: जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

परमहंस परिव्राजकाचार्य अनन्त श्री विभूषित कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु 1008 परम पूज्यपाद श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज की पावन निश्रा में चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा नव संवत्सर के पावन अवसर पर श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव का भव्य आगाज रविवार को भव्यता से हुआ। अल सुबह दीप प्रज्वलन एवं कलश स्थापना के साथ विधिवत आराधना शुरु हुई। वहीं दोपहर के सत्र में कथा पंडाल का शुभारंभ हल्द्वानी के प्रथम नागरिक नगर पालिका निगम के मेयर गजराज बिष्ट ने फीता काटकर किया। इस दौरान शहर के अनेक गणमान्य भी मौजूद रहे। श्री पार्श्व पद्मावती शक्तिपीठ तीर्थ धाम कृष्णगिरी तमिलनाडु के हल्द्वानी चैप्टर के प्रमुख हेमंत पांडे ने अतिथि मेयर बिष्ट का माल्यार्पण कर, दुपट्टा ओढ़ाकर व मेमेंटो भेंट कर स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा में पहले दिन पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने संगीतमय भक्ति आराधना करते हुए कहा कि आध्यात्म की तरंगे दिखती नहीं है, जो चतुर होता है वही इसे समझ सकता है। इस दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं में विजय चौधरी, प्रमोद पांडे, महेश खुल्बे, पंकज पांडे, डॉ मंजुल कांडपाल आदि ने सहयोग किया। आयोजन स्थल पर विशाल प्रसाद भंडारे का भी आयोजन सुचारू रूप से जारी रहेगा।



**बम भवानी की गूंज..., और दर्द गायब..:** हल्द्वानी की अनीता देवी, मधुसूदन, रितु देवी सहित ऐसी अनेक महिलाओं, पुरुषों ने उनकी वर्षों पुरानी शारीरिक दर्द पीड़ा बताई तो, इस दौरान सिद्ध साधक संत, त्रिकालदर्शी पूज्यपाद जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने श्रद्धा भावना और विश्वास के साथ आस्था रखने की सीख देते हुए जगतजननी भगवती देवी मां पद्मावतीजी की कृपा से सिर्फ दृष्टिपात किया, चमत्कारिक रुप से पल मात्र में बम भवानी की गूंज की ओर इन सभी महिलाओं पुरुषों का वर्षों पुराना दर्द गायब समाप्त हो गया। जगद्गुरु ने इस दौरान कहा कि 14 दिनों में हल्द्वानी शहर के लोगों के दिलों के दुख, परिवार व रिश्तों के दुख, जीवन में अज्ञानता, आध्यात्मिकता की कमी के कचरे रुपी दुख संताप को जड़ से मिटाकर ही जाएंगे। इस दौरान मेयर बिष्ट सहित पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने तालियों की गूंज से जगद्गुरु को वंदन किया।

## फिल्मी दुनिया

### सिकंदर से पहले सलमान की इन फिल्मों ने भी किया निराश



*सलमान खान की हालिया रिलीज फिल्म 'सिकंदर' दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब होती नहीं दिख रही है। फिल्म दर्शकों की उम्मीद पर खरी नहीं उतर रही है। जानते हैं सिकंदर से पहले सलमान खान की उन फिल्मों के बारे में जो दर्शकों और समीक्षकों को प्रभावित करने में फेल हुई हैं।*

*बॉलीवुड के भाईजान यानी कि सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' रविवार 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। हालांकि, फिल्म को लेकर जितनी उम्मीदें थीं और जैसा बज क्रिएट था, फिल्म के रिलीज होने के बाद उसे दर्शकों से लेकर क्रिटिक्स तक के रिव्यू वैसे नहीं मिल रहे हैं। दर्शकों को उम्मीद थी कि 'टाइगर 3' में जो कमी रह गई थी, भाईजान उसे सिकंदर में पूरा कर देंगे। मगर ये सिकंदर भी पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर ढेर होता नजर आया। सबसे खास बात ये है कि फिल्म को लेकर लोगों की जो प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, वो काफी निराश करने वाली हैं। वैसे 'सिकंदर' से पहले भी सलमान की कई फिल्में उम्मीदों के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं और बॉक्स ऑफिस पर फेल साबित हुई हैं। वहीं कुछ फिल्में ऐसी भी रही हैं, जिन्होंने पैसे तो कमा लिए, लेकिन दर्शकों से लेकर क्रिटिक्स तक के रिव्यू ऐसे रहे, जिससे फिल्म फ्लॉप के श्रेणी में ही पहुंच गई।*

#### किसी का भाई किसी की जान

*साल 2023 में ईद के मौके पर सलमान खान अपनी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' लेकर आए थे। फिल्म में सलमान खान और पूजा हेगड़े के साथ एक लंबी-चौड़ी स्टारकास्ट थी। इस एक्शन-रोमांस फिल्म का बज सलमान की बाकी फिल्मों की ही तरह काफी हाई था, लेकिन जब फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो दर्शकों ने खुद को ठगा हुआ पाया। फिल्म की कहानी से लेकर फिल्म के डायलॉग और एक्टिंग तक सभी की काफी आलोचना हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। कुछ एक रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट 132 करोड़ रुपए था और इस फिल्म ने 182 करोड़ की कमाई की थी, लेकिन फिल्म रिव्यू के हिसाब से और सलमान खान की पॉपुलर्टी को देखते हुए फ्लॉप साबित हुई थी।*

### सीएम धामी ने दिए वर्चुअल माध्यम से 1064 हेल्पलाइन की बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से 1064 हेल्पलाइन की बैठक की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए सभी विभागों द्वारा अपने स्तर से प्रयास किये जाएं। विभागों में जिन मामलों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, विभागों द्वारा इसके समाधान के लिए उचित कार्यवाही की जाए।

एक ही स्थान पर लंबे समय से तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का समय-समय पर ट्रांसफर किया जाए। 1064 हेल्पलाइन की प्रभावशीलता को नियमित बनाये रखने के लिए सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें। सीएम हेल्पलाइन 1905 के साथ 1064 हेल्पलाइन की भी समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर संघन जांच के साथ कठोर कार्यवाही भी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता की गोपनीयता बनी रहे और भ्रष्टाचार की शिकायत होने पर यदि वह सही पाई जाती है, तो शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी बनाये जाएं और उनको प्रशिक्षण भी दिया जाए। सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण में सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें।

बैठक में आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, सीडीओ मनीष कुमार, वीसी जय किशन, एडीएम अशोक जोशी,पंकज उपाध्याय ,ओसी गौरव पांडेय, डीएसटीओ नफ़ील जमील आदि मौजूद रहे।


उत्तरांचल दीप परिवार की ओर से ईद व नवरात्र
की हार्दिक शुभकामनाएं
सलीम खान संवाददाता, उत्तरांचल दीप मो०- 70889 73706


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद व नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं
Eid Mubarak
Qavi Enterprises
Distributor
Ar. Abdul Ahad Qavi
+91 7800227438
Nilkamal
WHITE CHARCOAL STUDIO
ARCHITECTURE . INTERIOR . URBAN . LANDSCAPE
Abdullah Building ,Bareilly Road
Haldwani (+91 9837047919, +91 9719092666 )


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद व नवरात्र पर्व
की दिली मुबारकबाद
मजहर नवाब नईम
पूर्व उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद व नवरात्र पर्व
की दिली मुबारकबाद
इकराम अहमद
पार्षद वार्ड नं025 व समाजसेवी


अल्लाहताला आपको व आपके परिवार को
तमाम परेशानियों से महफूज रखें (आमीन)
आप सभी को तहे दिल से
ईद व नवरात्र
की दिली
मुबारकबाद
आपकी दुआओं
का तलबगार
अब्दुल मतीन सिद्दीकी
प्रदेश प्रभारी - समाजवादी पार्टी (उत्तराखण्ड)


ईद व नवरात्र माह की दिली मुबारकबाद
Eid
MUBARAK
इसरार हुसैन
प्रदेश कोषाध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद व नवरात्र
की दिली
मुबारकबाद
हाजी
शकील अहमद
न्यू शमा रैस्टोरेंट व
शमा शाकाहारी रैस्टोरेंट
रोडवेज चौराहा, हल्द्वानी


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद व नवरात्र
की दिली
मुबारकबाद
मो. अनवर उर्फ मुन्नू
उपाध्यक्ष
जनसेवा एकता कमेटी
अलीम खान
अध्यक्ष
जनसेवा एकता कमेटी